प्रेस विज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 01.10.2023

## स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान 2023 के अंतर्गत इंडियन बैंक द्वारा एक घंटे श्रमदान

चेन्नै, 01 अक्टूबर 2023 - स्वच्छ भारत मिशन की 9वीं वर्षगांठ मनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान के तत्वावधान में आयोजित "एक तारीख एक घंटा" में इंडियन बैंक ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस वर्ष का एसएचएस-2023 विषय 'कचरा मुक्त भारत' स्वच्छता के महत्व और सफाई मित्रों (सफाई कर्मियों) के कल्याण को रेखांकित करता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य सफाई गतिविधियों से लोगों का जुड़ाव और इनमें उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। स्वच्छता को बढ़ावा देने व स्वच्छता कार्यकर्ताओं के अमूल्य योगदान के प्रचार के लिए इंडियन बैंक ने 35 जिलों, जहां वह अग्रणी बैंक है, के विभिन्न ग्रामीण और शहरी केंद्रों में एवं देश भर में फैले अपने सभी कार्यालयों के माध्यम से भी कई कार्यक्रमों की मेजबानी की।

आज 01 अक्टूबर 2023 को, इंडियन बैंक ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री एस. एल. जैन के नेतृत्व में एसएचएस अभियान के तहत अपनी भागीदारी जारी रखते हुए रानी मेय्यम्माई गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, चेन्नै में एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम, 'एक घंटे का श्रमदान' किया, इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, श्री महेश कुमार बजाज और श्री आशुतोष चौधरी सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्राहक भी उपस्थित थे। श्रमदान के बाद, समाज के वंचित वर्गों से संबंधित स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए।

इंडियन बैंक सामूहिक कार्य की शक्ति में विश्वास करता है और ग्राहकों, कर्मचारियों व जनता सहित सभी हितधारकों को इस महान प्रयास में हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता है तथा एक स्वच्छ व स्वस्थ भारत बनाने हेतु प्रभावकारी प्रयास करने में अपना समय समर्पित करता है।

**Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai – 600 014**
**Phone: 044-2813 4457, Email: ccd@indianbank.co.in**
**Follow us on**